दिनांक : 19.04.2045 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार,

- गांधी सागर अभयारण्य में कल छोड़े जाएंगे दो चीते, अगले महीने बोत्सवाना से आयेंगे चार और चीते।
- संयुक्त प्रवेश परीक्षा-जेईई मुख्य द्वितीय सत्र का परिणाम आज किया जाएगा घोषित।
- सरकार ने दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने की दावेदारी को बताया निराधार।
- प्रदेश की सभी शालाओं में 22 अप्रैल को मनाया जायेगा पृथ्वी दिवस।

मप्र चीता

केन्द्र सरकार के सहयोग से कल 20 अप्रैल को गांधी सागर अभयारण्य में चीते छोड़े जाएंगे। इसके लिए कूनो नेशनल पार्क से 2 चीते गांधीसागर अभयारण्य ले जाये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि भारत यानी मध्यप्रदेश में जन्में चीता शावकों की जीवन प्रत्याशा पूरे विश्व में सर्वाधिक है।

मुख्यमंत्री कल केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ मध्यप्रदेश में चीता प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन संबंधी समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना तथा केन्या से और अधिक चीते भारत लाने के लिए प्रयास जारी हैं। मई तक बोत्सवाना से 4 चीते भारत लेकर आने की योजना है। इसके बाद 4 और चीते लाये जाएंगे। गौरतलब है कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान में वर्तमान में कुल 26 चीते हैं। इनमें से 16 चीते खुले जंगल में हैं और 10 पुनर्वास केंद्र में हैं।

जेईई मुख्य परीक्षा परिणाम

इस वर्ष की संयुक्त प्रवेश परीक्षा-जेईई मुख्य द्वितीय सत्र का परिणाम आज घोषित किया जाएगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए ने एक बयान में कहा है कि परिणाम जेईई मेन की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

साथ ही इसमें कटऑफ अंक भी प्रदर्शित किए जाएंगे। यह परीक्षा 2 से 9 अप्रैल के बीच आयोजित की गई थी। यदि कोई परीक्षार्थी दोनों सत्रों की परीक्षा में शामिल हुआ है तो उसे जिस सत्र में अधिक अंक मिले होंगे उस आधार पर उसे मेरिट लिस्ट में शामिल किया जायेगा। इस परीक्षा के माध्यम से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश मिलता है।

प्रधानमंत्री भाषण-पुस्तक विमोचन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषणों के संकलन संस्कृति का पांचवां अध्याय नामक पुस्तक का कल नई दिल्ली में विमोचन हुआ । जूना अखाड़े के प्रमुख आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि ने इसका विमोचन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्यसभा के उप-सभापति हरिवंश ने कहा कि यह पुस्तक एक ऐसा संग्रह है जो सांस्कृतिक संरक्षण के प्रति श्री मोदी की प्रतिबद्धता और भारत की कालातीत परंपराओं को बनाए रखने के उनके दृष्टिकोण को दर्शाती है।

इस मौके पर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से देश के प्रत्येक क्षेत्र में नवाचार देखा गया है और माहौल में बदलाव नजर आ रहा है।

संविधान गौरव सम्मान

राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज रायसेन जिले की सिलवानी तहसील के ग्राम प्रतापगढ़ में आयोजित संविधान गौरव सम्मान कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। राज्यपाल तथा स्वास्थ्य राज्यमंत्री ग्राम प्रतापगढ़ में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों के आवासों का भ्रमण कर संवाद भी करेंगे।

सरकार - जीएसटी यूपीआई

सरकार ने दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने की दावेदारी को पूरी तरह से झूठा, भ्रामक और निराधार बताया है। एक वक्तव्य में वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया की सरकार का फिलहाल इस तरह के प्रस्ताव का कोई विचार नहीं है। इसमें कहा गया है कि जीएसटी केवल मर्चेंट डिस्काउंट रेट-एमडीआर जैसे शुल्कों पर लगाया जाता है और अभी तो इसे भी हटा दिया गया है।

वित्त मंत्रालय ने बताया कि सरकार यूपीआई के जरिये डिजीटल भुगतान को बढावा देने के प्रति वचनबद्ध है।

प्रसार भारती अध्यक्ष

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने आज कहा कि आकाशवाणी और दूरदर्शन बदलते परिदृश्य में अपनी सामग्री और प्रसारण तकनीक को लगातार बढा रहे हैं। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में श्री सहगल ने कहा कि दोनों लोक सेवा प्रसारक बेहतर तकनीक अपना रहे हैं। श्री सहगल ने कहा कि प्रसार भारती का ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स अपनी विविध सामग्रियों के साथ हर वर्ग के दर्शकों में लोकप्रियता हासिल कर रहा है।

पृथ्वी दिवस

प्रदेश की सभी शालाओं में 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जायेगा। पृथ्वी दिवस के आयोजन में विद्यालय द्वारा इको क्लब फॉर मिशन लाईफ पोर्टल पर पंजीयन किया जायेगा। विद्यालय के इको क्लब प्रभारी द्वारा विद्यार्थियो के समूह बनाएँ जाकर स्कूल परिसर एवं आस-पास के बाग बगीचों इत्यादि में उपलब्ध पेड़-पौधों का सर्वेक्षण कर सूची तैयार की जायेगी। विद्यार्थी पेड़-पौधों से संबंधित डिजिटल डेटाबेस भी तैयार करेंगे।

वेव्स - सीआईसी

विश्व दृश्य, श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन- वेव्स के अंतर्गत क्रिएट इन इंडिया चैलेंज सीजन 1 का शानदार फिनाले अगले महीने की 1 से 4 मई तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा । अब सभी 32 चुनौतियों के लिए पंजीकरण बंद हो चुके हैं। क्रिएट इन इंडिया चैलेंज में लगभग एक लाख पंजीकरण प्राप्त हुए हैं, जिनमें एक हजार एक सौ से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों और 60 से अधिक देशों की प्रविष्टियां शामिल हैं। अब 750 फाइनलिस्टों को अपने रचनात्मक कौशल और परिणामों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा । वहीं, विजेताओं को कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रतिष्ठित 'वेव्स क्रिएटर अवार्ड्स' से सम्मानित किया जाएगा। छतरपुर की अपर्णा चौरसिया भी फाइनल में जगह बना कर खुश हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में ......

- मप्र कर्मचारी चयन मंडल की ओर से प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा कल से शुरू होगी, जो 29 अप्रैल तक चलेगी। 13 शहरों में आयोजित परीक्षा में 1.60 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे।
- मैहर के एकलव्य छात्रावास के हॉल में आयोजित पंच सरपंच सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि प्रदेश के सभी भवन विहीन ग्राम पंचायतों के भवन दो चरणों में साढे 37 लाख रूपये प्रत्येक की लागत से तैयार किये जायेंगे।
- शिवपुरी में कल से अमर शहीद तात्या टोपे के बलिदान दिवस से दो दिवसीय शहीद मेला शुरू हो गया। इस दौरान तात्या टोपे के समाधि स्थल पर ध्वजारोहण किया गया।
- नर्मदापुरम केन्द्रीय जेल के करीब 100 बंदियों को स्वरोजगार परक कौशल प्रशिक्षण देने के लिए उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।
- भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा ने कल फ़िल्म 'कुछ तो बोल ' के पोस्टर का विमोचन किया। फ़िल्म गुड टच एवं बेड टच पर आधारित है।
- राज्य हज कमेटी के भोपाल स्थित दफ्तर में विशेष शिविर आयोजित कर हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया। पहले दो दिनों में 442 यात्रियों का टीकाकरण और स्वास्थ्य परीक्षण हुआ।
- रायसेन के सांची मार्ग पर स्थित संत फ्रासिंस चर्च में गुड फ्राइडे पर विशेष प्रार्थना हुई इसके पश्चात ईसाई समाज द्वारा चर्च से जुलूस निकाला गया
- गुना में गर्मी ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है। कल अधिकतम तापमान 44.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे अधिक तापमान है।
- आईपीएल टी-20 क्रिकेट में, आज दोपहर साढ़े 3 बजे, अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा।

-------